Need to establish an Electric Loco Shed in Gangapur city in Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary Constituency, Rajasthan.-laid

श्री हरीश चंद्र मीना **(टोंक-सवाई माधोपुर) :** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक-संवाई माधोपुर में गंगापुर सिटी से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । गंगापुर सिटी रेलवे के पास कोटा मंडल में सर्वाधिक भूमि उपलब्ध होने के बावजूद भी वह विकास नहीं हो पाया है, जिसकी अपेक्षा यहाँ के लोगों ने वर्षों से की है । यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ रेलवे की तमाम संभावनाएँ मौजूद हैं, फिर भी योजनाओं और सुविधाओं के मामले में इसे लगातार उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है । सबसे बड़ा दुखद पहलू यह है कि पूर्व में गंगापुरसिटी में स्थापित लोकोशेड को यहाँ से स्थानांतरित कर तुगलकाबाद भेज दिया गया । यह निर्णय न केवल स्थानीय जनता की अपेक्षाओं के विपरीत था, बल्कि रेलवे की दृष्टि से भी एक दीर्घकालिक नुकसान साबित हुआ । यदि यह लोकोशेड गंगापुर सिटी में ही विकसित होता तो संपूर्ण क्षेत्र में रोजगार, तकनीकी सुविधाएँ और रेल संचालन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता । यहाँ उपलब्ध रेल भूमि और भौगोलिक स्थिति को देखते हुए नया इलेक्ट्रिक लोकोशेड स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि गंगापुर सिटी में इलेक्ट्रिक लोकोशेड स्थापित करने की तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए और इस उपेक्षित क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता में शामिल किया जाए ।